mukat mahaa sukh gur sabad beechaar. gurmukh kaday na aavai haar.

मुकति महा सुख गुर सबदु बीचारि ॥ गुरमुखि कदे न आवै हारि ॥

अर्थ : गुरु-शब्द का चिंतन करने से मुक्ति एवं परम सुख प्राप्त हो जाता है। गुरुमुख जीव जीवन में कभी पराजित नहीं होता।

ਤਨੁ ਹਟੜੀ ਇਹੁ ਮਨੁ ਵਣਜਾਰਾ ॥ ਨਾਨਕ ਸਹਜੇ ਸਚੁ ਵਾਪਾਰਾ ॥੩੯॥

tan hatrhee ih man vanjaaraa. naanak sehjay sach vaapaaraa. ||39||

तनु हटड़ी इहु मनु वणजारा ॥ नानक सहजे सचु वापारा ॥३९॥

अर्थ : मनुष्य का यह तन एक दुकान है और इसमें मन एक वणजारा बैठा है। नानक कहते हैं कि यह मन सहज ही सत्य का वणज करता रहता है॥ ३९ ॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-954

ਮਃ ੨ ॥ mehlaa 2. मः २ ॥

ਰਤਨਾ ਕੇਰੀ ਗੁਥਲੀ ਰਤਨੀ ਖੋਲੀ ਆਇ ॥ ਵਖਰ ਤੈ ਵਣਜਾਰਿਆ ਦੁਹਾ ਰਹੀ ਸਮਾਇ ॥

ratnaa kayree guthlee ratnee kholee aa-ay. vakhar tai vanjaari-aa duhaa rahee samaa-ay.

रतना केरी गुथली रतनी खोली आइ ॥ वखर तै वणजारिआ दुहा रही समाइ ॥

अर्थ : जौहरी ने आकर अपने रत्नों की पोटली खोल दी है और वह रत्न रूपी वस्तु जौहरी और वणजारो दोनों के मन को बहुत अच्छी लग रही है।

ਜਿਨ ਗੁਣੁ ਪਲੈ ਨਾਨਕਾ ਮਾਣਕ ਵਣਜਹਿ ਸੇਇ ॥ ਰਤਨਾ ਸਾਰ ਨ ਜਾਣਨੀ ਅੰਧੇ ਵਤਹਿ ਲੋਇ ॥੨॥

jin gun palai naankaa maanak vanjahi say-ay. ratnaa saar na jaannee anDhay vateh lo-ay. ||2||

जिन गुणु पलै नानका माणक वणजहि सेइ ॥ रतना सार न जाणनी अंधे वतहि लोइ ॥२॥

अर्थ : हे नानक ! जिन व्यापारियों के पास परखने का गुण है, वही रत्नों का वणज करते हैं। जो वणजारे रत्नों के महत्व को नहीं जानते, वे जगत् में अन्धों की तरह भटकते रहते हैं।॥2॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-1238

ਸਲੋਕ ਮਹਲਾ ੨ ॥

salok mehlaa 2.

सलोक महला २ ॥

ਸਾਹ ਚਲੇ ਵਣਜਾਰਿਆ ਲਿਖਿਆ ਦੇਵੈ ਨਾਲਿ ॥

saah chalay vanjaari-aa likhi-aa dayvai naal.

साह चले वणजारिआ लिखिआ देवै नालि ॥

अर्थ : परमात्मा रूपी शाह से जीव वणजारे चल पड़ते हैं और वह उनका कर्म- लेख साथ दे देता है।

ਲਿਖੇ ਉਪਰਿ ਹੁਕਮੁ ਹੋਇ ਲਈਐ ਵਸਤੁ ਸਮ੍ਹਾਲਿ ॥

likhay upar hukam ho-ay la-ee-ai vasat samHaal.

लिखे उपरि हुकमु होइ लईऐ वसतु सम्हालि ॥

अर्थ : परमात्मा के लिखे हुक्म अनुसार वस्तु मिलती है।

ਵਸਤੁ ਲਈ ਵਣਜਾਰਈ ਵਖਰੁ ਬਧਾ ਪਾਇ ॥

vasat la-ee vanjaara-ee vakhar baDhaa paa-ay.

वसतु लई वणजारई वखरु बधा पाइ ॥

अर्थ : इस तरह जीव वणजारे वस्तुएँ खरीदते हैं और सामान लाद लेते हैं।

ਕੇਈ ਲਾਹਾ ਲੈ ਚਲੇ ਇਕਿ ਚਲੇ ਮੂਲੁ ਗਵਾਇ ॥

kay-ee laahaa lai chalay ik chalay mool gavaa-ay.

केई लाहा लै चले इकि चले मूलु गवाइ ॥

अर्थ : कोई लाभ कमा लेता है परन्तु कोई मूलधन भी गंवा देता है।

ਥੋੜਾ ਕਿਨੈ ਨ ਮੰਗਿਓ ਕਿਸੁ ਕਹੀਐ ਸਾਬਾਸਿ ॥

thorhaa kinai na mangi-o kis kahee-ai saabaas.

थोड़ा किनै न मंगिओ किसु कहीऐ साबासि ॥

अर्थ : इन दोनों में से किसी ने थोड़ा नहीं माँगा, फिर किसको शाबाशी दी जाए।

ਨਦਰਿ ਤਿਨਾ ਕਉ ਨਾਨਕਾ ਜਿ ਸਾਬਤੁ ਲਾਏ ਰਾਸਿ ॥੧॥

nadar tinaa ka-o naankaa je saabat laa-ay raas. ||1||

नदरि तिना कउ नानका जि साबतु लाए रासि ॥१॥

अर्थ : नानक फुरमाते हैं कि कृपा-दृष्टि उन पर ही हुई जो अपने जीवन की राशि पूर्णतया बचाकर लाते हैं।॥१॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-115

ਗੁਰਮੁਖਿ ਹੋਵੈ ਸੁ ਇਕਸੁ ਸਿਉ ਲਿਵ ਲਾਏ ॥ ਦੂਜਾ ਭਰਮੁ ਗੁਰ ਸਬਦਿ ਜਲਾਏ ॥

gurmukh hovai so ikas si-o liv laa-ay. doojaa bharam gur sabad jalaa-ay.

गुरमुखि होवै सु इकसु सिउ लिव लाए ॥ दूजा भरमु गुर सबदि जलाए ॥

अर्थ : जो व्यक्ति गुरमुख बन जाता है, वह एक ईश्वर के साथ स्नेह करता है। गुरु के शब्द द्वारा वह मोह माया रूपी भ्रम को जला फेंकता है।

ਕਾਇਆ ਅੰਦਰਿ ਵਣਜੁ ਕਰੇ ਵਾਪਾਰਾ ਨਾਮੁ ਨਿਧਾਨੁ ਸਚੁ ਪਾਵਣਿਆ ॥੬॥

kaa-i-aa andar vanaj karay vaapaaraa naam niDhaan sach paavni-aa. ||6||

काइआ अंदरि वणजु करे वापारा नामु निधानु सचु पावणिआ॥६॥ माझ महला ३॥

अर्थ : अपनी देहि में ही वह नाम रूपी वणज करता है और सत्यनाम की निधि पा लेता है॥६॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-117

ਸਚਾ ਸਾਹੁ ਸਚੇ ਵਣਜਾਰੇ ॥ ਸਚੁ ਵਣੰਜਹਿ ਗੁਰ ਹੇਤਿ ਅਪਾਰੇ ॥

sachaa saahu sachay vanjaaray. sach vana^N^jahi gur hayt apaaray.

सचा साहु सचे वणजारे ॥ सचु वणंजहि गुर हेति अपारे ॥

अर्थ : वह परमात्मा ही सच्चा साहूकार है और जीव सच्चे व्यापारी हैं। जीव अनंत प्रभु के रूप गुरु से प्रेम करके सत्य नाम का वणज करते हैं।

ਸਚੁ ਵਿਹਾਝਹਿ ਸਚੁ ਕਮਾਵਹਿ ਸਚੋ ਸਚੁ ਕਮਾਵਣਿਆ ॥੪॥

sach vihaajheh sach kamaaveh sacho sach kamaavani-aa. ||4||

सचु विहाझहि सचु कमावहि सचो सचु कमावणिआ ॥४॥ माझ महला ३॥

अर्थ : वे सत्य को खरीदते हैं और सत्य नाम की ही कमाई करते रहते हैं। वह सत्य द्वारा सत्य नाम ही कमाते हैं।॥४॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-117

ਇਕਿ ਸਚੁ ਵਣੰਜਹਿ ਗੁਰ ਸਬਦਿ ਪਿਆਰੇ ॥ ਆਪਿ ਤਰਹਿ ਸਗਲੇ ਕੁਲ ਤਾਰੇ ॥

ik sach vanaNjahi gur sabad pi-aaray. aap tareh saglay kul taaray.

इकि सचु वणंजहि गुर सबदि पिआरे ॥ आपि तरहि सगले कुल तारे ॥

अर्थ : जो व्यक्ति गुरु के शब्द द्वारा सत्य नाम का व्यापार करते हैं, वह भवसागर से पार हो जाते हैं और अपनी वंशावलि के समस्त सदस्यों को भी पार करवा देते हैं।

ਆਏ ਸੇ ਪਰਵਾਣੁ ਹੋਏ ਮਿਲਿ ਪ੍ਰੀਤਮ ਸੁਖੁ ਪਾਵਣਿਆ ॥੬॥

aa-ay say parvaan ho-ay mil pareetam sukh paavni-aa. ||6||

आए से परवाणु होए मिलि प्रीतम सुखु पावणिआ ॥६॥ माझ महला ३॥

अर्थ : ऐसे लोगों का ही जन्म लेकर दुनिया में आगमन सफल होता है और वे अपने प्रिय प्रभु से मिलकर सुखी रहते हैं।॥६॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-126

ਅੰਦਰਿ ਮਹਲ ਰਤਨੀ ਭਰੇ ਭੰਡਾਰਾ ॥ ਗੁਰਮੁਖਿ ਪਾਏ ਨਾਮੁ ਅਪਾਰਾ ॥

andar mahal ratnee bharay bhandaaraa. gurmukh paa-ay naam apaaraa.

अंदरि महल रतनी भरे भंडारा ॥ गुरमुखि पाए नामु अपारा ॥

अर्थ : भगवान के आत्म-स्वरूप रूपी महल में नाम रूपी रत्न के भण्डार भरे हुए हैं परन्तु मनुष्य अनंत प्रभु के नाम को गुरु के माध्यम से ही प्राप्त करता है।

ਗੁਰਮੁਖਿ ਵਣਜੇ ਸਦਾ ਵਾਪਾਰੀ ਲਾਹਾ ਨਾਮੁ ਸਦ ਪਾਵਣਿਆ ॥੭॥

gurmukh vanjay sadaa vaapaaree laahaa naam sad paavni-aa. ||7||

गुरमुखि वणजे सदा वापारी लाहा नामु सद पावणिआ ॥७॥

अर्थ : जीव वणजारे हमेशा ही गुरु के माध्यम से नाम का व्यापार करता है और हमेशा ही नाम रूपी लाभ प्राप्त करता है ॥७॥

ਆਪੇ ਵਥੁ ਰਾਖੈ ਆਪੇ ਦੇਇ ॥ ਗੁਰਮੁਖਿ ਵਣਜਹਿ ਕੇਈ ਕੇਇ ॥

aapay vath raakhai aapay day-ay. gurmukh vanjahi kay-ee kay-ay.

आपे वथु राखै आपे देइ ॥ गुरमुखि वणजहि केई केइ ॥

अर्थ : भगवान स्वयं ही अपने आत्म-स्वरूप महल में नाम-वस्तु को रखता है और स्वयं यह नाम-वस्तु गुरु के माध्यम से जीवों को देता है। कोई विरला पुरुष गुरु के माध्यम से ही यह वणज करता है।

ਨਾਨਕ ਜਿਸੁ ਨਦਰਿ ਕਰੇ ਸੋ ਪਾਏ ਕਰਿ ਕਿਰਪਾ ਮੰਨਿ ਵਸਾਵਣਿਆ ॥੮॥੨੭॥੨੮॥

naanak jis nadar karay so paa-ay kar kirpaa man vasaavani-aa. ||8||27||28||

नानक जिसु नदरि करे सो पाए करि किरपा मंनि वसावणिआ ॥८॥२७॥२८॥

माझ महला ३॥

अर्थ : हे नानक ! परमेश्वर जिस पर अपनी कृपा-दृष्टि करता है, वहीं नाम को प्राप्त करता है। परमेश्वर अपनी कृपा करके नाम को उसके हृदय में बसा देता है॥८ ॥२७॥२८॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-308

ਹਰਿ ਮੰਦਰ ਮਹਿ ਹਰਿ ਵਸੈ ਸਰਬ ਨਿਰੰਤਰਿ ਸੋਇ ॥

ਨਾਨਕ ਗੁਰਮੁਖਿ ਵਣਜੀਐ ਸਚਾ ਸਉਦਾ ਹੋਇ ॥੧੧॥੧॥

har man<u>d</u>ar meh har vasai sarab niran<u>t</u>ar so-ay.
naanak gurmu<u>kh</u> va<u>n</u>jee-ai sachaa sa-u<u>d</u>aa ho-ay. ||11||1||

हरि मंदर महि हरि वसै सरब निरंतरि सोइ ॥

नानक गुरमुखि वणजीऐ सचा सउदा होइ ॥११॥१॥प्रभाती महला 3 बिभास

अर्थ : शरीर हरिमन्दिर में परमात्मा ही बसता है, वही सर्वव्याप्त है। नानक जी फुरमान करते हैं कि यदि गुरमुख बनकर हरिनाम का वणज करें तभी सच्चा सौदा हो सकता है॥11॥1॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-517

ਪਉੜੀ ॥ pa-o<u>rh</u>ee. पउड़ी ॥

ਆਪੇ ਜਗਤੁ ਉਪਾਇਓਨੁ ਕਰਿ ਪੂਰਾ ਥਾਟੁ ॥

aapay jaga<u>t</u> upaa-i-on kar pooraa thaat.

आपे जगतु उपाइओनु करि पूरा थाटु ॥

अर्थ : भगवान ने स्वयं ही पूर्ण ढांचा बनाकर जगत की रचना की है।

ਆਪੇ ਸਾਹੁ ਆਪੇ ਵਣਜਾਰਾ ਆਪੇ ਹੀ ਹਰਿ ਹਾਟੁ ॥

aapay saahu aapay va<u>n</u>jaaraa aapay hee har haat.

आपे साहु आपे वणजारा आपे ही हरि हाटु ॥

अर्थ : वह स्वयं ही साहूकार है, स्वयं ही वणजारा एवं स्वयं ही हाट बाजार है।

ਆਪੇ ਸਾਗਰੁ ਆਪੇ ਬੋਹਿਥਾ ਆਪੇ ਹੀ ਖੇਵਾਟੁ ॥

aapay saagar aapay bohithaa aapay hee <u>kh</u>ayvaat.

आपे सागरु आपे बोहिथा आपे ही खेवाटु ॥

अर्थ : वह आप ही सागर, आप ही जहाज और आप ही खेवट है।

ਆਪੇ ਗੁਰੁ ਚੇਲਾ ਹੈ ਆਪੇ ਆਪੇ ਦਸੇ ਘਾਟੁ ॥

aapay gur chaylaa hai aapay aapay dasay ghaat.

आपे गुरु चेला है आपे आपे दसे घाटु ॥

अर्थ : वह आप ही गुरु एवं आप ही चेला है और आप ही घाट दिखाता है।

ਜਨ ਨਾਨਕ ਨਾਮੁ ਧਿਆਇ ਤੂ ਸਭਿ ਕਿਲਵਿਖ ਕਾਟੁ ॥੨੨॥੧॥ ਸੁਧੁ

jan naanak naam Dhi-aa-ay too sabh kilvikh kaat. ||22||1|| suDhu

जन नानक नामु धिआइ तू सभि किलविख काटु ॥२२॥१॥ सुधु

अर्थ : हे नानक ! तू उस परमात्मा का नाम-स्मरण कर और अपने सारे पाप दूर कर ले ॥२२॥१॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-554-55

ਪਉੜੀ ॥ pa-orhee. पउड़ी ॥

ਜਿਸ ਦਾ ਕੀਤਾ ਸਭੁ ਕਿਛੁ ਹੋਵੈ ਤਿਸ ਨੋ ਪਰਵਾਹ ਨਾਹੀ ਕਿਸੈ ਕੇਰੀ ॥

jis daa keetaa sabh kichh hovai tis no parvaah naahee kisai kayree.

जिस दा कीता सभु किछु होवै तिस नो परवाह नाही किसै केरी ॥

अर्थ : जिस परमात्मा का किया सब कुछ होता है, उसे किसी की कोई परवाह नहीं।

ਹਰਿ ਜੀਉ ਤੇਰਾ ਦਿਤਾ ਸਭੁ ਕੋ ਖਾਵੈ ਸਭ ਮੁਹਤਾਜੀ ਕਢੈ ਤੇਰੀ ॥

har jee-o tayraa ditaa sabh ko khaavai sabh muhtaajee kadhai tayree.

हरि जीउ तेरा दिता सभु को खावै सभ मुहताजी कढै तेरी ॥

अर्थ : हे हरिप्रभु ! जीव तेरा दिया हुआ ही सब कुछ खाते हैं और सभी तेरी ही अनुसेवा करते हैं।

ਜਿ ਤੁਧ ਨੋ ਸਾਲਾਹੇ ਸੁ ਸਭੁ ਕਿਛੁ ਪਾਵੈ ਜਿਸ ਨੋ ਕਿਰਪਾ ਨਿਰੰਜਨ ਕੇਰੀ ॥

je tuDh no saalaahay so sabh kichh paavai jis no kirpaa niranjan kayree.

जि तुध नो सालाहे सु सभु किछु पावै जिस नो किरपा निरंजन केरी ॥

अर्थ : हे निरंजन परमेश्वर ! जो भी तेरी महिमा-स्तुति करता है एवं जिस पर तू कृपा के घर में आता है, वह सब कुछ प्राप्त कर लेता है।

ਸੋਈ ਸਾਹੁ ਸਚਾ ਵਣਜਾਰਾ ਜਿਨਿ ਵਖਰੁ ਲਦਿਆ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਧਨੁ ਤੇਰੀ ॥

so-ee saahu sachaa vanjaaraa jin vakhar ladi-aa har naam Dhan tayree.

सोई साहु सचा वणजारा जिनि वखरु लदिआ हरि नामु धनु तेरी ॥

अर्थ : हे भगवान! वास्तव में वही साहूकार और सत्य का वणजारा है, जो तेरे नाम-धन का सौदा लाद लेता है।

ਸਭਿ ਤਿਸੈ ਨੋ ਸਾਲਾਹਿਹੁ ਸੰਤਹੁ ਜਿਨਿ ਦੂਜੇ ਭਾਵ ਕੀ ਮਾਰਿ ਵਿਡਾਰੀ ਢੇਰੀ ॥੧੬॥

sabh tisai no saalaahihu santahu jin doojay bhaav kee maar vidaaree dhayree. ||16||

सभि तिसै नो सालाहिहु संतहु जिनि दूजे भाव की मारि विडारी ढेरी ॥१६॥

अर्थ : हे संतजनो ! उस परमात्मा का स्तुति गान करो, जिसने द्वैत भावना की ढ़ेरी को ध्वस्त कर दिया है ॥१६॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-568

ਗੁਰਮੁਖਿ ਖੇਤੀ ਹਰਿ ਅੰਤਰਿ ਬੀਜੀਐ ਹਰਿ ਲੀਜੈ ਸਰੀਰਿ ਜਮਾਏ ਰਾਮ ॥

gurmukh khaytee har antar beejee-ai har leejai sareer jamaa-ay raam.

गुरमुखि खेती हरि अंतरि बीजीऐ हरि लीजै सरीरि जमाए राम ॥

अर्थ : गुरुमुख बनकर अपने अन्तर्मन में परमेश्वर रूपी खेती बोनी चाहिए और अपने शरीर में नाम रूपी बीज उगाना चाहिए।

ਆਪਣੇ ਘਰ ਅੰਦਰਿ ਰਸੁ ਭੁੰਚੁ ਤੂ ਲਾਹਾ ਲੈ ਪਰਥਾਏ ਰਾਮ ॥

aapnay ghar andar ras bhunch too laahaa lai parthaa-ay raam.

आपणे घर अंदरि रसु भुंचु तू लाहा लै परथाए राम ॥

अर्थ : इस तरह तुम अपने हृदय-घर में ही हरि के नाम रस को चख कर लोक और परलोक में भी इसका लाभ प्राप्त करोगे।

ਲਾਹਾ ਪਰਥਾਏ ਹਰਿ ਮੰਨਿ ਵਸਾਏ ਧਨੁ ਖੇਤੀ ਵਾਪਾਰਾ ॥

laahaa parthaa-ay har man vasaa-ay Dhan khaytee vaapaaraa.

लाहा परथाए हरि मंनि वसाए धनु खेती वापारा ॥

अर्थ : हरि-परमेश्वर को अपने अन्तर्मन में बसाने की खेती एवं वणज धन्य है, जिसके द्वारा परलोक में लाभ होता है।

ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਧਿਆਏ ਮੰਨਿ ਵਸਾਏ ਬੂਝੈ ਗੁਰ ਬੀਚਾਰਾ ॥

har naam Dhi-aa-ay man vasaa-ay boojhai gur beechaaraa.

हरि नामु धिआए मंनि वसाए बूझै गुर बीचारा ॥

अर्थ : जो व्यक्ति हरि-नाम का ध्यान करता है और इसे अपने मन में बसाता है, वह गुरु के उपदेश को समझ लेता है।

ਮਨਮੁਖ ਖੇਤੀ ਵਣਜੁ ਕਰਿ ਥਾਕੇ ਤ੍ਰਿਸਨਾ ਭੁਖ ਨ ਜਾਏ ॥

manmukh khaytee vanaj kar thaakay tarisnaa bhukh na jaa-ay.

मनमुख खेती वणजु करि थाके त्रिसना भुख न जाए ॥

अर्थ : मनमुख प्राणी सांसारिक मोह-माया की खेती एवं वणज करके थक गए हैं और उनकी तृष्णा एवं भूख दूर नहीं होती।

ਨਾਨਕ ਨਾਮੁ ਬੀਜਿ ਮਨ ਅੰਦਰਿ ਸਚੈ ਸਬਦਿ ਸੁਭਾਏ ॥੨॥

naanak naam beej man andar sachai sabad subhaa-ay. ||2||

नानक नामु बीजि मन अंदरि सचै सबदि सुभाए ॥२॥ वडहंसु महला ३ ॥

अर्थ : हे नानक ! अपने मन के भीतर परमात्मा के नाम का बीज बोया कर और सच्चे शब्द द्वारा शोभायमान हो॥२॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-569

ਖੇਤੀ ਵਣਜੁ ਸਭੁ ਹੁਕਮੁ ਹੈ ਹੁਕਮੇ ਮੰਨਿ ਵਡਿਆਈ ਰਾਮ ॥

khaytee vanaj sabh hukam hai hukmay man vadi-aa-ee raam.

खेती वणजु सभु हुकमु है हुकमे मंनि वडिआई राम ॥

अर्थ : भगवान के हुक्म को स्वीकार करना उत्तम खेती एवं सर्वोत्तम वणज है, हुक्म को स्वीकार करने से मान-सम्मान मिलता है।

ਗੁਰਮਤੀ ਹੁਕਮੁ ਬੁਝੀਐ ਹੁਕਮੇ ਮੇਲਿ ਮਿਲਾਈ ਰਾਮ ॥

gurmatee hukam boojhee-ai hukmay mayl milaa-ee raam.

गुरमती हुकमु बूझीऐ हुकमे मेलि मिलाई राम ॥

अर्थ : गुरु की मति द्वारा ही परमात्मा के हुक्म को समझा जाता है और उसके हुक्म द्वारा ही प्रभु से मिलन होता है।

ਹੁਕਮਿ ਮਿਲਾਈ ਸਹਜਿ ਸਮਾਈ ਗੁਰ ਕਾ ਸਬਦੁ ਅਪਾਰਾ ॥

hukam milaa-ee sahj samaa-ee gur kaa sabad apaaraa.

हुकमि मिलाई सहजि समाई गुर का सबदु अपारा ॥

अर्थ : परमात्मा के हुक्म में ही जीव सहजता से उसमें विलीन हो जाता है। गुरु का शब्द अपरम्पार है, (क्योंकि)"

ਸਚੀ ਵਡਿਆਈ ਗੁਰ ਤੇ ਪਾਈ ਸਚੁ ਸਵਾਰਣਹਾਰਾ ॥

sachee vadi-aa-ee gur tay paa-ee sach savaaranhaaraa.

सची वडिआई गुर ते पाई सचु सवारणहारा ॥

अर्थ : गुरु के द्वारा ही सच्ची वड़ाई प्राप्त होती है और मनुष्य सत्य से सुशोभित हो जाता है।

ਭਉ ਭੰਜਨੁ ਪਾਇਆ ਆਪੁ ਗਵਾਇਆ ਗੁਰਮੁਖਿ ਮੇਲਿ ਮਿਲਾਈ ॥

bha-o bhanjan paa-i-aa aap gavaa-i-aa gurmukh mayl milaa-ee.

भउ भंजनु पाइआ आपु गवाइआ गुरमुखि मेलि मिलाई ॥

अर्थ : जीव अपना अहंत्व मिटाकर भय नाशक परमात्मा को प्राप्त कर लेता है और गुरु के माध्यम से ही उसका मिलन होता है।

ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਨਾਮੁ ਨਿਰੰਜਨੁ ਅਗਮੁ ਅਗੋਚਰੁ ਹੁਕਮੇ ਰਹਿਆ ਸਮਾਈ ॥੪॥੨॥

kaho naanak naam niranjan agam agochar hukmay rahi-aa samaa-ee. ||4||2||

कहु नानक नामु निरंजनु अगमु अगोचरु हुकमे रहिआ समाई ॥४॥२॥

वडहंसु महला ३ ॥

अर्थ : नानक का कथन है कि परमात्मा का पावन नाम अगम्य एवं अगोचर है और यह उसके हुक्म में ही समा रहा है ॥४॥२॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-569-70

ਵਡਹੰਸੁ ਮਹਲਾ ੩ ॥

vad-hans mehlaa 3.

वडहंसु महला ३ ॥

ਰਤਨ ਪਦਾਰਥ ਵਣਜੀਅਹਿ ਸਤਿਗੁਰਿ ਦੀਆ ਬੁਝਾਈ ਰਾਮ ॥

ratan padaarath vanjee-ah satgur dee-aa bujhaa-ee raam.

रतन पदारथ वणजीअहि सतिगुरि दीआ बुझाई राम ॥

अर्थ : हे जीव ! सतिगुरु ने यही सूझ दी है कि परमात्मा के नाम रूपी रत्न पदार्थों का ही वणज करना चाहिए।

ਲਾਹਾ ਲਾਭੁ ਹਰਿ ਭਗਤਿ ਹੈ ਗੁਣ ਮਹਿ ਗੁਣੀ ਸਮਾਈ ਰਾਮ ॥

laahaa laabh har bhagat hai gun meh gunee samaa-ee raam.

लाहा लाभु हरि भगति है गुण महि गुणी समाई राम ॥

अर्थ : हरि की भक्ति ही सर्वोत्तम लाभ है और गुणवान प्राणी गुणों के स्वामी परमात्मा में ही समाया रहता है।

ਗੁਣ ਮਹਿ ਗੁਣੀ ਸਮਾਏ ਜਿਸੁ ਆਪਿ ਬੁਝਾਏ ਲਾਹਾ ਭਗਤਿ ਸੈਸਾਰੇ ॥

gun meh gunee samaa-ay jis aap bujhaa-ay laahaa bhagat saisaaray.

गुण महि गुणी समाए जिसु आपि बुझाए लाहा भगति सैसारे ॥

अर्थ : जिसे वह स्वयं सूझ प्रदान करता है, वही गुणवान प्राणी गुणों के मालिक में लीन रहता है और इस नश्वर दुनिया में परमात्मा की भक्ति का ही वह लाभ प्राप्त करता है।

ਬਿਨੁ ਭਗਤੀ ਸੁਖੁ ਨ ਹੋਈ ਦੂਜੈ ਪਤਿ ਖੋਈ ਗੁਰਮਤਿ ਨਾਮੁ ਅਧਾਰੇ ॥

bin bhagtee sukh na ho-ee doojai pat kho-ee gurmat naam aDhaaray.

बिनु भगती सुखु न होई दूजै पति खोई गुरमति नामु अधारे ॥

अर्थ : परमात्मा की भक्ति के बिना कहीं सुख प्राप्त नहीं होता, द्वैतभाव में फँसकर वह अपनी प्रतिष्ठा गंवा देता है और गुरु की मति द्वारा नाम ही आधार बनता है।

ਵਖਰੁ ਨਾਮੁ ਸਦਾ ਲਾਭੁ ਹੈ ਜਿਸ ਨੋ ਏਤੁ ਵਾਪਾਰਿ ਲਾਏ ॥

vakhar naam sadaa laabh hai jis no ayt vaapaar laa-ay.

वखरु नामु सदा लाभु है जिस नो एतु वापारि लाए ॥

अर्थ : ईश्वर जिसे इस नाम-वणज में लगाता है, वह नाम के सौदे का सर्वदा लाभ प्राप्त करता है।

ਰਤਨ ਪਦਾਰਥ ਵਣਜੀਅਹਿ ਜਾਂ ਸਤਿਗੁਰੁ ਦੇਇ ਬੁਝਾਏ ॥੧॥

ratan padaarath vanjee-ah jaa^N satgur day-ay bujhaa-ay. ||1||

रतन पदारथ वणजीअहि जां सतिगुरु देइ बुझाए ॥१॥

अर्थ : जब सतिगुरु सूझ प्रदान करता है तो ही जीव नाम रूपी रत्न पदार्थ का वणज करता है॥१॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-570

ਵਡਹੰਸੁ ਮਹਲਾ ੩ ॥

vad-hans mehlaa 3.

वडहंसु महला ३ ॥

ਸਚਾ ਸਉਦਾ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਹੈ ਸਚਾ ਵਾਪਾਰਾ ਰਾਮ ॥
sachaa sa-udaa har naam hai sachaa vaapaaraa raam.
सचा सउदा हरि नामु है सचा वापारा राम ॥
अर्थ : हरि का नाम ही सच्चा सौदा है और यही सच्चा वणज है।

ਗੁਰਮਤੀ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਵਣਜੀਐ ਅਤਿ ਮੋਲੁ ਅਫਾਰਾ ਰਾਮ ॥
gurmatee har naam vanjee-ai at mol afaaraa raam.
गुरमती हरि नामु वणजीऐ अति मोलु अफारा राम ॥
अर्थ : गुरु के उपदेश द्वारा ही हरि के नाम का वणज करना चाहिए और इस सच्चे नाम का वणज अत्यंत मूल्यवान एवं महान् है।

ਅਤਿ ਮੋਲੁ ਅਫਾਰਾ ਸਚ ਵਾਪਾਰਾ ਸਚਿ ਵਾਪਾਰਿ ਲਗੇ ਵਡਭਾਗੀ ॥
at mol afaaraa sach vaapaaraa sach vaapaar lagay vadbhaagee.
अति मोलु अफारा सच वापारा सचि वापारि लगे वडभागी ॥
अर्थ : इस सच्चे वणज का मूल्य अनन्त एवं बहुमूल्य है, जो लोग इस सच्चे वणज में क्रियाशील हैं, वे बड़े भाग्यशाली हैं।

ਅੰਤਰਿ ਬਾਹਰਿ ਭਗਤੀ ਰਾਤੇ ਸਚਿ ਨਾਮਿ ਲਿਵ ਲਾਗੀ ॥
antar baahar bhagtee raatay sach naam liv laagee.
अंतरि बाहरि भगती राते सचि नामि लिव लागी ॥
अर्थ : भीतर एवं बाहर से ऐसे प्राणी परमात्मा की भक्ति में लीन रहते हैं और सच्चे नाम में उनकी सुरति लगी रहती है।

ਨਦਰਿ ਕਰੇ ਸੋਈ ਸਚੁ ਪਾਏ ਗੁਰ ਕੈ ਸਬਦਿ ਵੀਚਾਰਾ ॥
nadar karay so-ee sach paa-ay gur kai sabad veechaaraa.
नदरि करे सोई सचु पाए गुर कै सबदि वीचारा ॥

अर्थ : जो गुरु के शब्द का चिंतन करता है और जिस पर परमात्मा कृपा-दृष्टि करता है, उसे ही सत्य की प्राप्ति होती है।

ਨਾਨਕ ਨਾਮਿ ਰਤੇ ਤਿਨ ਹੀ ਸੁਖੁ ਪਾਇਆ ਸਾਚੈ ਕੇ ਵਾਪਾਰਾ ॥੧॥

naanak naam ratay tin hee sukh paa-i-aa saachai kay vaapaaraa. ||1||

नानक नामि रते तिन ही सुखु पाइआ साचै के वापारा ॥१॥

अर्थ : हे नानक ! जो सत्यनाम में लीन रहते हैं, उन्हें ही सुख प्राप्त होता है और वही सच्चे परमेश्वर के नाम के सच्चे वणजारे हैं।॥१॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-593

ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਹਮਾਰਾ ਵਣਜੁ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਵਾਪਾਰੁ ਹਰਿ ਨਾਮੈ ਕੀ ਹਮ ਕੰਉ ਸਤਿਗੁਰਿ ਕਾਰਕੁਨੀ ਦੀਈ ॥

har naam hamaaraa vanaj har naam vaapaar har naamai kee ham ka^N-u satgur kaarkunee dee-ee.

हरि नामु हमारा वणजु हरि नामु वापारु हरि नामै की हम कंउ सतिगुरि कारकुनी दीई ॥

अर्थ : हरि का नाम ही हमारा वाणिज्य है, हरि का नाम ही वणज है और हरि के नाम का ही कारोबार सतिगुरु ने हमें दिया है।

ਹਰਿ ਨਾਮੈ ਕਾ ਹਮ ਲੇਖਾ ਲਿਖਿਆ ਸਭ ਜਮ ਕੀ ਅਗਲੀ ਕਾਣਿ ਗਈ ॥

har naamai kaa ham laykhaa likhi-aa sabh jam kee aglee kaan ga-ee.

हरि नामै का हम लेखा लिखिआ सभ जम की अगली काणि गई ॥

अर्थ : हरि-नाम का ही हमने लेखा लिख दिया है और यम की अगली सारी मुहताजी खत्म हो गई है।

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-756

ਸਚਾ ਸਾਹੁ ਸਚੇ ਵਣਜਾਰੇ ਓਥੈ ਕੂੜੇ ਨਾ ਟਿਕੰਨਿ ॥

sachaa saahu sachay vanjaaray othai koorhay na tikann.

सचा साहु सचे वणजारे ओथै कूड़े ना टिकंनि ॥

अर्थ : परमात्मा सच्चा साहूकार है और उसके संत सच्चे वणजारे हैं। झूठ के वणजारे सत्य के द्वार पर टिक ही नहीं सकते।

ਓਨਾ ਸਚੁ ਨ ਭਾਵਈ ਦੁਖ ਹੀ ਮਾਹਿ ਪਚੰਨਿ ॥੧੮॥

onaa sach na bhaav-ee dukh hee maahi pachann. ||18||

ओना सचु न भावई दुख ही माहि पचंनि ॥१८॥

अर्थ : चूंकि उन्हें सत्य अच्छा नहीं लगता और वह दुखों में ही बर्बाद हो जाते हैं। ॥१८॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-919

ਜੀਅਹੁ ਨਿਰਮਲ ਬਾਹਰਹੁ ਨਿਰਮਲ ॥

jee-ahu nirmal baahrahu nirmal.

जीअहु निरमल बाहरहु निरमल ॥

अर्थ : कुछ व्यक्ति दिल से भी निर्मल होते हैं और बाहर से भी निर्मल होते हैं।

ਬਾਹਰਹੁ ਤ ਨਿਰਮਲ ਜੀਅਹੁ ਨਿਰਮਲ ਸਤਿਗੁਰ ਤੇ ਕਰਣੀ ਕਮਾਣੀ ॥

baahrahu ta nirmal jee-ahu nirmal satgur tay karnee kamaanee.

बाहरहु त निरमल जीअहु निरमल सतिगुर ते करणी कमाणी ॥

अर्थ : ऐसे दिल से एवं बाहर से निर्मल व्यक्ति सतगुरु के उपदेशानुसार शुभ करनी की कमाई करते हैं।

ਕੂੜ ਕੀ ਸੋਇ ਪਹੁਚੈ ਨਾਹੀ ਮਨਸਾ ਸਚਿ ਸਮਾਣੀ ॥

koorh kee so-ay pahuchai naahee mansaa sach samaanee.

कूड़ की सोइ पहुचै नाही मनसा सचि समाणी ॥

अर्थ : उन्हें झूठ स्पर्श भी नहीं करता और उनका मन सत्य में ही विलीन रहता है।

ਜਨਮੁ ਰਤਨੁ ਜਿਨੀ ਖਟਿਆ ਭਲੇ ਸੇ ਵਣਜਾਰੇ ॥

janam ratan jinee khati-aa bhalay say vanjaaray.

जनमु रतनु जिनी खटिआ भले से वणजारे ॥

अर्थ : वही वणजारे उतम हैं, जिन्होंने रत्न जैसे अमूल्य जन्म का लाभ हासिल कर लिया है।

ਕਹੈ ਨਾਨਕੁ ਜਿਨ ਮੰਨੁ ਨਿਰਮਲੁ ਸਦਾ ਰਹਹਿ ਗੁਰ ਨਾਲੇ ॥੨੦॥

kahai naanak jin man nirmal sadaa raheh gur naalay. ||20||

कहै नानकु जिन मंनु निरमलु सदा रहहि गुर नाले ॥२०॥

अर्थ : नानक कहते हैं कि जिन का मन निर्मल है, वे सदा ही गुरु के साथ रहते हैं। ॥२०॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-921

ਹਰਿ ਰਾਸਿ ਮੇਰੀ ਮਨੁ ਵਣਜਾਰਾ ॥

har raas mayree man vanjaaraa.

हरि रासि मेरी मनु वणजारा ॥

अर्थ : हरिप्रभु का नाम ही मेरा राशन है और मेरा मन वणजारा हैं।

ਹਰਿ ਰਾਸਿ ਮੇਰੀ ਮਨੁ ਵਣਜਾਰਾ ਸਤਿਗੁਰ ਤੇ ਰਾਸਿ ਜਾਣੀ ॥

har raas mayree man vanjaaraa satgur tay raas jaanee.

हरि रासि मेरी मनु वणजारा सतिगुर ते रासि जाणी ॥

अर्थ : मेरा मन वणजारा है और प्रभु-नाम मेरी जीवन का राशन है, इस राशन का ज्ञान मुझे सतगुरु से मिला है।

ਹਰਿ ਹਰਿ ਨਿਤ ਜਪਿਹੁ ਜੀਅਹੁ ਲਾਹਾ ਖਟਿਹੁ ਦਿਹਾੜੀ ॥
har har nit japihu jee-ahu laahaa khatihu dihaarhee.
हरि हरि नित जपिहु जीअहु लाहा खटिहु दिहाड़ी ॥

अर्थ : दिल से नित्य हरिप्रभु के नाम को जपते रहो और प्रतिदिन नाम-रूपी लाभ प्राप्त करो।

ਏਹੁ ਧਨੁ ਤਿਨਾ ਮਿਲਿਆ ਜਿਨ ਹਰਿ ਆਪੇ ਭਾਣਾ ॥
ayhu Dhan tinaa mili-aa jin har aapay bhaanaa.
एहु धनु तिना मिलिआ जिन हरि आपे भाणा ॥

अर्थ : यह नाम-धन उन्हें ही मिला है, जिन्हें परमात्मा ने स्वयं अपनी इच्छा से दिया है।

ਕਹੈ ਨਾਨਕੁ ਹਰਿ ਰਾਸਿ ਮੇਰੀ ਮਨੁ ਹੋਆ ਵਣਜਾਰਾ ॥੩੧॥
kahai naanak har raas mayree man ho-aa vanjaaraa. ||31||
कहै नानकु हरि रासि मेरी मनु होआ वणजारा ॥३१॥

अर्थ : नानक कहते हैं कि हरि-नाम मेरी जीवन की राशि है और मन वणजारा बन गया है॥ ३१ ॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-1053

ਗੁਰਮੁਖਿ ਵਣਜੁ ਕਰਹਿ ਪਰੁ ਆਪੁ ਪਛਾਣਹਿ ॥ ਏਕਸ ਬਿਨੁ ਕੋ ਅਵਰੁ ਨ ਜਾਣਹਿ ॥
gurmukh vanaj karahi par aap pachhaaneh. aykas bin ko avar na jaaneh.

गुरमुखि वणजु करहि परु आपु पछाणहि॥ एकस बिनु को अवरु न जाणहि॥

अर्थ : गुरुमुख नाम का वणज करते हैं और पराए-अपने की पहचान करते हैं। वे एक ईश्वर के बिना अन्य किसी को नहीं जानते।

ਸਚਾ ਸਾਹੁ ਸਚੇ ਵਣਜਾਰੇ ਪੂੰਜੀ ਨਾਮੁ ਵਿਸਾਹਾ ਹੇ ॥੪॥

sachaa saahu sachay vanjaaray poonjee naam visaahaa hay. ||4||

सचा साहु सचे वणजारे पूंजी नामु विसाहा हे ॥४॥ मारु महला 3

अर्थ : परमात्मा सच्चा साहूकार है, उसके भक्त सच्चे वणजारे हैं और नाम रूपी पूंजी ही खरीदते हैं।॥४॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-1059

ਕਾਇਆ ਹਰਿ ਮੰਦਰੁ ਹਰਿ ਆਪਿ ਸਵਾਰੇ ॥ ਤਿਸੁ ਵਿਚਿ ਹਰਿ ਜੀਉ ਵਸੈ ਮੁਰਾਰੇ ॥

kaa-i-aa har mandar har aap savaaray. tis vich har jee-o vasai muraaray.

काइआ हरि मंदरु हरि आपि सवारे ॥ तिसु विचि हरि जीउ वसै मुरारे ॥

अर्थ : यह शरीर ही परमात्मा का मन्दिर है और वह स्वयं ही इसे सुन्दर बनाता है। शरीर मन्दिर में परमात्मा ही रहता है।

ਗੁਰ ਕੈ ਸਬਦਿ ਵਣਜਨਿ ਵਾਪਾਰੀ ਨਦਰੀ ਆਪਿ ਮਿਲਾਇਦਾ ॥੪॥

gur kai sabad vanjan vaapaaree nadree aap milaa-idaa. ||4||

गुर कै सबदि वणजनि वापारी नदरी आपि मिलाइदा ॥४॥ मारु महला 3

अर्थ : नाम के वणजारे गुरु के शब्द द्वारा वणज करते हैं और प्रभु कृपा कर उन्हें मिला लेता है॥ ४॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-1063

ਸਤਿਗੁਰ ਨੋ ਸੇਵੇ ਤਿਸੁ ਆਪਿ ਮਿਲਾਏ ॥ ਮਮਤਾ ਕਾਟਿ ਸਚਿ ਲਿਵ ਲਾਏ ॥
satgur no sayvay tis aap milaa-ay. mamtaa kaat sach liv laa-ay.
सतिगुर नो सेवे तिसु आपि मिलाए ॥ ममता काटि सचि लिव लाए ॥
अर्थ : जो सतिगुरु की सेवा करता है, ईश्वर स्वयं ही उसे मिला लेता है। ऐसा व्यक्ति ममता को नाश करके सत्य में ही लगन लगाता है।

ਸਦਾ ਸਚੁ ਵਣਜਹਿ ਵਾਪਾਰੀ ਨਾਮੋ ਲਾਹਾ ਪਾਇਦਾ ॥੧੫॥
sadaa sach vanjahi vaapaaree naamo laahaa paa-idaa. ||15||
सदा सचु वणजहि वापारी नामो लाहा पाइदा ॥१५॥
अर्थ : वह वणजारा सदा सत्य का वणज करता रहता है और नाम रूपी लाभ हासिल करता है॥ १५॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-1064

ਸਭੁ ਕੋ ਵਣਜੁ ਕਰੇ ਵਾਪਾਰਾ ॥ ਵਿਣੁ ਨਾਵੈ ਸਭੁ ਤੋਟਾ ਸੰਸਾਰਾ ॥
sabh ko vanaj karay vaapaaraa. vin naavai sabh totaa sansaaraa.
सभु को वणजु करे वापारा ॥ विणु नावै सभु तोटा संसारा ॥
अर्थ : सभी जीव जगत् में भिन्न-भिन्न वणज करते हैं लेकिन हरि-नाम के बिना संसार में घाटा ही पड़ता है।

ਨਾਗੋ ਆਇਆ ਨਾਗੋ ਜਾਸੀ ਵਿਣੁ ਨਾਵੈ ਦੁਖੁ ਪਾਇਦਾ ॥੧੧॥
naago aa-i-aa naago jaasee vin naavai dukh paa-idaa. ||11||
नागो आइआ नागो जासी विणु नावै दुखु पाइदा ॥११॥

अर्थ : प्रत्येक जीव नग्न अर्थात् खाली हाथ ही आया है और नग्न (खाली) ही चला जाएगा। प्रभु नाम के बिना उसे दुख ही मिलता है।११॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-1064

ਮੇਰੈ ਕਰਤੈ ਇਕ ਬਣਤ ਬਣਾਈ ॥ ਇਸੁ ਦੇਹੀ ਵਿਚਿ ਸਭ ਵਥੁ ਪਾਈ ॥

mayrai kartai ik banat banaa-ee. is dayhee vich sabh vath paa-ee.

मेरै करतै इक बणत बणाई ॥ इसु देही विचि सभ वथु पाई ॥

अर्थ : मेरे परमेश्वर ने एक ऐसी संरचना की है कि शरीर में ही सब वस्तुएँ डाल दी हैं।

ਨਾਨਕ ਨਾਮੁ ਵਣਜਹਿ ਰੰਗਿ ਰਾਤੇ ਗੁਰਮੁਖਿ ਕੋ ਨਾਮੁ ਪਾਇਦਾ ॥੧੬॥੬॥੨੦॥

naanak naam vanjahi rang raatay gurmukh ko naam paa-idaa. ||16||6||20||

नानक नामु वणजहि रंगि राते गुरमुखि को नामु पाइदा ॥१६॥६॥२०॥ मारु महला 3

अर्थ : हे नानक ! प्रभु-रंग में लीन रहने वाले नाम का वणज करते हैं और कोई गुरुमुख ही नाम का रहस्य प्राप्त करता है॥१६॥६॥२०॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-1249

ਮਃ ੩ ॥ mehlaa 3. मः ३ ॥

ਸਚੁ ਵਣਜਹਿ ਸਚੁ ਸੇਵਦੇ ਜਿ ਗੁਰਮੁਖਿ ਪੈਰੀ ਪਾਹਿ ॥

ਨਾਨਕ ਗੁਰ ਕੈ ਭਾਣੈ ਜੇ ਚਲਹਿ ਸਹਜੇ ਸਚਿ ਸਮਾਹਿ ॥੨॥

sach vanjahi sach sayvday je gurmukh pairee paahi. naanak gur kai bhaanai jay chaleh sehjay sach samaahi. ||2||

सचु वणजहि सचु सेवदे जि गुरमुखि पैरी पाहि ॥

नानक गुर कै भाणै जे चलहि सहजे सचि समाहि ॥२॥

अर्थ : जो गुरु के चरणों में आते हैं, वे सत्य का वणज करते हैं और परम सत्य की उपासना करते हैं। हे नानक ! गुरु की रज़ा में चलने वाले स्वाभाविक ही सत्य में विलीन हो जाते हैं।॥२॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-76

ਸਿਰੀਰਾਗੁ ਮਹਲਾ ੪ ॥

sireeraag mehlaa 4.

सिरीरागु महला ४ ॥

ਪਹਿਲੈ ਪਹਰੈ ਰੈਣਿ ਕੈ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਹਰਿ ਪਾਇਆ ਉਦਰ ਮੰਝਾਰਿ ॥

pahilai pahrai rain kai vanjaari-aa mitraa har paa-i-aa udar manjhaar.

पहिलै पहरै रैणि कै वणजारिआ मित्रा हरि पाइआ उदर मंझारि ॥

अर्थ : हे मेरे वणजारे मित्र ! जीवन रूपी रात्रि के प्रथम प्रहर में ईश्वर प्राणी को माँ के गर्भ में डाल देता है।

ਹਰਿ ਧਿਆਵੈ ਹਰਿ ਉਚਰੈ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਹਰਿ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਸਮਾਰਿ ॥

har Dhi-aavai har uchrai vanjaari-aa mitraa har har naam samaar.

हरि धिआवै हरि उचरै वणजारिआ मित्रा हरि हरि नामु समारि ॥

अर्थ : हे वणजारे मित्र ! माँ के उदर में पड़ा प्राणी ईश्वर की आराधना करता है, वह हरि का नाम अपने मुख से उच्चरित करता रहता है। वह अपने मन द्वारा हरि नाम का सिमरन करता रहता है।

ਹਰਿ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਜਪੇ ਆਰਾਧੇ ਵਿਚਿ ਅਗਨੀ ਹਰਿ ਜਪਿ ਜੀਵਿਆ ॥

har har naam japay aaraaDhay vich agnee har jap jeevi-aa.

हरि हरि नामु जपे आराधे विचि अगनी हरि जपि जीविआ ॥

अर्थ :प्राणी बार-बार हरि-नाम की स्तुति और आराधना करता है। गर्भ की अग्नि में वह परमात्मा के नाम के कारण ही जीवित रह पाता है।

ਬਾਹਰਿ ਜਨਮੁ ਭਇਆ ਮੁਖਿ ਲਾਗਾ ਸਰਸੇ ਪਿਤਾ ਮਾਤ ਥੀਵਿਆ ॥

baahar janam bha-i-aa mukh laagaa sarsay pitaa maat theevi-aa.

बाहरि जनमु भइआ मुखि लागा सरसे पिता मात थीविआ ॥

अर्थ :जब वह जन्म लेकर माँ के गर्भ में से बाहर आता है तो माता-पिता उसका मुख देखकर प्रसन्न होते हैं।

ਜਿਸ ਕੀ ਵਸਤੁ ਤਿਸੁ ਚੇਤਹੁ ਪ੍ਰਾਣੀ ਕਰਿ ਹਿਰਦੈ ਗੁਰਮੁਖਿ ਬੀਚਾਰਿ ॥

jis kee vasat tis chaytahu paraanee kar hirdai gurmukh beechaar.

जिस की वसतु तिसु चेतहु प्राणी करि हिरदै गुरमुखि बीचारि ॥

अर्थ :हे प्राणी ! जिसकी यह वस्तु (बालक) है। उसे स्मरण करो। गुरु की दया से अपने हृदय में हरि-नाम का स्मरण करो।

ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਪ੍ਰਾਣੀ ਪਹਿਲੈ ਪਹਰੈ ਹਰਿ ਜਪੀਐ ਕਿਰਪਾ ਧਾਰਿ ॥੧॥

kaho naanak paraanee pahilai pahrai har japee-ai kirpaa Dhaar. ||1||

कहु नानक प्राणी पहिलै पहरै हरि जपीऐ किरपा धारि ॥१॥

अर्थ :हे नानक ! जीवन रूपी रात्रि के प्रथम प्रहर में तभी नाम-सिमरन किया जा सकता है। यदि भगवान अपनी कृपा धारण करें ॥१॥

ਦੂਜੈ ਪਹਰੈ ਰੈਣਿ ਕੈ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਮਨੁ ਲਾਗਾ ਦੂਜੈ ਭਾਇ ॥

doojai pahrai rain kai vanjaari-aa mitraa man laagaa doojai bhaa-ay.

दूजै पहरै रैणि कै वणजारिआ मित्रा मनु लागा दूजै भाइ ॥

अर्थ :हे मेरे वणजारे मित्र ! जीवन रूपी रात्रि के द्वितीय प्रहर में प्राणी का मन माया के आकर्षणों में लीन हो जाता है।

ਮੇਰਾ ਮੇਰਾ ਕਰਿ ਪਾਲੀਐ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਲੇ ਮਾਤ ਪਿਤਾ ਗਲਿ ਲਾਇ ॥

mayraa mayraa kar paalee-ai vanjaari-aa mitraa lay maat pitaa gal laa-ay.

मेरा मेरा करि पालीऐ वणजारिआ मित्रा ले मात पिता गलि लाइ ॥

अर्थ :माता-पिता उसे 'मेरा-मेरा' करके बड़े प्यार से पालन-पोषण करते हैं और उसे अपने गले से लगाते हैं।

ਲਾਵੈ ਮਾਤ ਪਿਤਾ ਸਦਾ ਗਲ ਸੇਤੀ ਮਨਿ ਜਾਣੈ ਖਟਿ ਖਵਾਏ ॥

laavai maat pitaa sadaa gal saytee man jaanai khat khavaa-ay.

लावै मात पिता सदा गल सेती मनि जाणै खटि खवाए ॥

अर्थ :माता-पिता (स्वार्थवश) गले से लगाते हुए सोचते हैं कि वह बड़ा होकर उन्हें कमाकर खिलाएगा।

ਜੋ ਦੇਵੈ ਤਿਸੈ ਨ ਜਾਣੈ ਮੂੜਾ ਦਿਤੇ ਨੋ ਲਪਟਾਏ ॥

jo dayvai tisai na jaanai moorhaa ditay no laptaa-ay.

जो देवै तिसै न जाणै मूड़ा दिते नो लपटाए ॥

अर्थ :प्राणी कितना मूर्ख है कि देने वाले (दाता) को तो पहचानने का प्रयास नहीं करता और उसकी प्रदान की हुई नश्वर वस्तुओं से लिपटता फिरता है।

ਕੋਈ ਗੁਰਮੁਖਿ ਹੋਵੈ ਸੁ ਕਰੈ ਵੀਚਾਰੁ ਹਰਿ ਧਿਆਵੈ ਮਨਿ ਲਿਵ ਲਾਇ ॥

ko-ee gurmukh hovai so karai veechaar har Dhi-aavai man liv laa-ay.

कोई गुरमुखि होवै सु करै वीचारु हरि धिआवै मनि लिव लाइ ॥

अर्थ : कोई गुरमुख ही भक्ति करता है और वह अपने मन में सुरति लगाकर भगवान का ध्यान करता है।

ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਦੂਜੈ ਪਹਰੈ ਪ੍ਰਾਣੀ ਤਿਸੁ ਕਾਲੁ ਨ ਕਬਹੂੰ ਖਾਇ ॥੨॥

kaho naanak doojai pahrai paraanee tis kaal na kabahooN khaa-ay.||2||

कहु नानक दूजै पहरै प्राणी तिसु कालु न कबहूं खाइ ॥२॥

अर्थ :हे नानक ! जीवन रूपी रात्रि के द्वितीय प्रहर में जो प्राणी भगवान का ध्यान करता है, उसे काल कदापि नहीं निगलता ॥२॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-76-77

ਤੀਜੈ ਪਹਰੈ ਰੈਣਿ ਕੈ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਮਨੁ ਲਗਾ ਆਲਿ ਜੰਜਾਲਿ ॥

teejai pahrai rain kai vanjaari-aa mitraa man lagaa aal janjaal.

तीजै पहरै रैणि कै वणजारिआ मित्रा मनु लगा आलि जंजालि ॥

अर्थ : हे मेरे वणजारे मित्र ! जीवन रूपी रात्रि के तृतीय प्रहर में मनुष्य का मन दुनिया के धंधे-व्यवहार में आसक्त हो जाता है।

ਧਨੁ ਚਿਤਵੈ ਧਨੁ ਸੰਚਵੈ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਹਰਿ ਨਾਮਾ ਹਰਿ ਨ ਸਮਾਲਿ ॥

Dhan chitvai Dhan sanchvai vanjaari-aa mitraa har naamaa har na samaal.

धनु चितवै धनु संचवै वणजारिआ मित्रा हरि नामा हरि न समालि ॥

अर्थ : वह धन-दौलत का ही ध्यान करता है और धन-दौलत ही संग्रह करता है। हे मेरे वणजारे मित्र ! परन्तु हरि-नाम और हरि का चिन्तन नहीं करता।

ਹਰਿ ਨਾਮਾ ਹਰਿ ਹਰਿ ਕਦੇ ਨ ਸਮਾਲੈ ਜਿ ਹੋਵੈ ਅੰਤਿ ਸਖਾਈ ॥

har naamaa har har kaday na samaalai je hovai ant sakhaa-ee.

हरि नामा हरि हरि कदे न समालै जि होवै अंति सखाई ॥

अर्थ : वह कदाचित हरि-नाम और स्वामी हरि को स्मरण नहीं करता, जो अंत में उसका सहायक होना है।

ਇਹੁ ਧਨੁ ਸੰਪੈ ਮਾਇਆ ਝੂਠੀ ਅੰਤਿ ਛੋਡਿ ਚਲਿਆ ਪਛੁਤਾਈ ॥

ih Dhan sampai maa-i-aa jhoothee ant chhod chali-aa pachhutaa-ee.

इहु धनु स्मपै माइआ झूठी अंति छोडि चलिआ पछुताई ॥

अर्थ : यह धन-सम्पति और मोह-माया सब झूठे हैं। जिसे अन्तकाल त्याग कर पश्चाताप करते हुए प्राणी चला जाता है।

ਜਿਸ ਨੋ ਕਿਰਪਾ ਕਰੇ ਗੁਰੁ ਮੇਲੇ ਸੋ ਹਰਿ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਸਮਾਲਿ ॥

jis no kirpaa karay gur maylay so har har naam samaal.

जिस नो किरपा करे गुरु मेले सो हरि हरि नामु समालि ॥

अर्थ : जिस पर ईश्वर की कृपा होती है, उसका गुरु से मिलन होता है और वह ईश्वर की उपासना में लीन हो जाता है।

ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਤੀਜੈ ਪਹਰੈ ਪ੍ਰਾਣੀ ਸੇ ਜਾਇ ਮਿਲੇ ਹਰਿ ਨਾਲਿ ॥੩॥

kaho naanak teejai pahrai paraanee say jaa-ay milay har naal. ||3||

कहु नानक तीजै पहरै प्राणी से जाइ मिले हरि नालि ॥३॥

अर्थ : गुरु जी उद्बोधन करते हैं हे नानक ! जीवन रूपी रात्रि के तृतीय प्रहर में जो प्राणी हरि-भजन करता है, वह प्रभु में ही विलीन हो जाता है ॥३॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-59

ਚਉਥੈ ਪਹਰੈ ਰੈਣਿ ਕੈ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਹਰਿ ਚਲਣ ਵੇਲਾ ਆਦੀ ॥

cha-uthai pahrai rain kai vanjaari-aa mitraa har chalan vaylaa aadee.

चउथै पहरै रैणि कै वणजारिआ मित्रा हरि चलण वेला आदी ॥

अर्थ : हे मेरे वणजारे मित्र ! जीवन रूपी रात्रि के चतुर्थ प्रहर में ईश्वर ने मृत्यु काल निकट ला दिया है।

ਕਰਿ ਸੇਵਹੁ ਪੂਰਾ ਸਤਿਗੁਰੂ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਸਭ ਚਲੀ ਰੈਣਿ ਵਿਹਾਦੀ ॥

kar sayvhu pooraa satguroo vanjaari-aa mitraa sabh chalee rain vihaadee.

करि सेवहु पूरा सतिगुरू वणजारिआ मित्रा सभ चली रैणि विहादी ॥

अर्थ : इसलिए हे मित्र ! अपने हाथों से पूर्ण सतिगुरु की श्रद्धापूर्वक सेवा कर, क्योंकि जीवन रूपी समूची रात्रि अब व्यतीत होती जा रही है।

ਹਰਿ ਸੇਵਹੁ ਖਿਨੁ ਖਿਨੁ ਢਿਲ ਮੂਲਿ ਨ ਕਰਿਹੁ ਜਿਤੁ ਅਸਥਿਰੁ ਜੁਗੁ ਜੁਗੁ ਹੋਵਹੁ ॥

har sayvhu khin khin dhil mool na karihu jit asthir jug jug hovhu.

हरि सेवहु खिनु खिनु ढिल मूलि न करिहु जितु असथिरु जुगु जुगु होवहु ॥

अर्थ : क्षण-प्रति-क्षण परमेश्वर की सेवा करो, इसमें विलम्ब उचित नहीं, क्योंकि इससे तुम युग-युग के लिए अमर हो जाओगे।

ਹਰਿ ਸੇਤੀ ਸਦ ਮਾਣਹੁ ਰਲੀਆ ਜਨਮ ਮਰਣ ਦੁਖ ਖੋਵਹੁ ॥

har saytee sad maanhu ralee-aa janam maran dukh khovhu.

हरि सेती सद माणहु रलीआ जनम मरण दुख खोवहु ॥

अर्थ : हे प्राणी ! ईश्वर के रंग में आनंद मनाओ और जन्म-मरण के दुःख को सदैव के लिए भुला दो।

ਗੁਰ ਸਤਿਗੁਰ ਸੁਆਮੀ ਭੇਦੁ ਨ ਜਾਣਹੁ ਜਿਤੁ ਮਿਲਿ ਹਰਿ ਭਗਤਿ ਸੁਖਾਂਦੀ ॥

gur satgur su-aamee bhayd na jaanhu jit mil har bhagat sukhaa^N^dee.

गुर सतिगुर सुआमी भेदु न जाणहु जितु मिलि हरि भगति सुखांदी ॥

अर्थ : सतिगुरु एवं भगवान में कोई अन्तर मत समझो। सतिगुरु को मिलकर भगवान की भक्ति अच्छी लगती है।

ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਪ੍ਰਾਣੀ ਚਉਥੈ ਪਹਰੈ ਸਫਲਿਓੁ ਰੈਣਿ ਭਗਤਾ ਦੀ ॥੪॥੧॥

kaho naanak paraanee cha-uthai pahrai safli-o rain bhagtaa dee. ||4||1||3||

कहु नानक प्राणी चउथै पहरै सफलिओ रैणि भगता दी ॥४॥१॥३॥

अर्थ : हे नानक ! जीवन रूपी रात्रि के चतुर्थ प्रहर में जो प्राणी भगवान की भक्ति करते हैं, उन भक्तों की जीवन-रात्रि सफल हो जाती है ॥४॥१॥३॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-81

ਸਿਰੀਰਾਗੁ ਮਹਲਾ ੪ ਵਣਜਾਰਾ

sireeraag mehlaa 4

सिरीरागु महला ४ वणजारा

ੴ ਸਤਿ ਨਾਮੁ ਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥

ik-oaNkaar sat naam gur parsaad.

ੴ सतिनामु गुरप्रसादि ॥

ਹਰਿ ਹਰਿ ਉਤਮੁ ਨਾਮੁ ਹੈ ਜਿਨਿ ਸਿਰਿਆ ਸਭੁ ਕੋਇ ਜੀਉ ॥

har har utam naam hai jin siri-aa sabh ko-ay jee-o.

हरि हरि उतमु नामु है जिनि सिरिआ सभु कोइ जीउ ॥

अर्थ : जिस परमात्मा ने यह सृष्टि-रचना की है, उसका नाम सबसे उत्तम है।

ਹਰਿ ਜੀਅ ਸਭੇ ਪ੍ਰਤਿਪਾਲਦਾ ਘਟਿ ਘਟਿ ਰਮਈਆ ਸੋਇ ॥

har jee-a sabhay partipaaldaa ghat ghat rama-ee-aa so-ay.

हरि जीअ सभे प्रतिपालदा घटि घटि रमईआ सोइ ॥

अर्थ : वह परमेश्वर समस्त जीवों का पालन-पोषण करता है और वह सर्वव्यापक है।

ਸੋ ਹਰਿ ਸਦਾ ਧਿਆਈਐ ਤਿਸੁ ਬਿਨੁ ਅਵਰੁ ਨ ਕੋਇ ॥

so har sadaa Dhi-aa-ee-ai tis bin avar na ko-ay.

सो हरि सदा धिआईऐ तिसु बिनु अवरु न कोइ ॥

अर्थ : इसलिए सदैव उस परमात्मा का ध्यान करना चाहिए। चूंकि उसके अतिरिक्त जीव का अन्य कोई सहारा नहीं है।

ਜੋ ਮੋਹਿ ਮਾਇਆ ਚਿਤੁ ਲਾਇਦੇ ਸੇ ਛੋਡਿ ਚਲੇ ਦੁਖੁ ਰੋਇ ॥

jo mohi maa-i-aa chit laa-iday say chhod chalay dukh ro-ay.

जो मोहि माइआ चितु लाइदे से छोडि चले दुखु रोइ ॥

अर्थ : जो व्यक्ति अपना चित्त माया के मोह में लगाकर रखते हैं, वे मृत्यु के समय दुखी होकर विलाप करते हुए सब कुछ दुनिया में छोड़कर ही चले जाते हैं।

ਜਨ ਨਾਨਕ ਨਾਮੁ ਧਿਆਇਆ ਹਰਿ ਅੰਤਿ ਸਖਾਈ ਹੋਇ ॥੧॥

jan naanak naam Dhi-aa-i-aa har ant sakhaa-ee ho-ay. ||1||

जन नानक नामु धिआइआ हरि अंति सखाई होइ ॥१॥

अर्थ : हे नानक ! जो व्यक्ति भगवान का नाम-सिमरन करते हैं, अन्तिम समय भगवान का नाम ही उनका साथी बनता है॥ १॥

ਮੈ ਹਰਿ ਬਿਨੁ ਅਵਰੁ ਨ ਕੋਇ ॥

mai har bin avar na ko-ay.

मै हरि बिनु अवरु न कोइ ॥

अर्थ : मेरे भगवान के अलावा मेरा अन्य कोई सहारा नहीं है।

ਹਰਿ ਗੁਰ ਸਰਣਾਈ ਪਾਈਐ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਵਡਭਾਗਿ ਪਰਾਪਤਿ ਹੋਇ ॥੧॥ ਰਹਾਉ॥

har gur sarnaa-ee paa-ee-ai vanjaari-aa mitraa vadbhaag paraapat ho-ay. ||1|| rahaa-o.

हरि गुर सरणाई पाईऐ वणजारिआ मित्रा वडभागि परापति होइ॥१॥रहाउ॥

अर्थ : हे मेरे वणजारे मित्र ! भगवान तो गुरु की शरण ग्रहण करने से ही मिलता है। यदि मनुष्य भाग्यशाली हो तो ही भगवान मिलता है।॥१॥ रहाउ॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-82

ਸੰਤ ਜਨਾ ਵਿਣੁ ਭਾਈਆ ਹਰਿ ਕਿਨੈ ਨ ਪਾਇਆ ਨਾਉ ॥

sant janaa vin bhaa-ee-aa har kinai na paa-i-aa naa-o.

संत जना विणु भाईआ हरि किनै न पाइआ नाउ ॥

अर्थ : हे भाई ! संतजनों (भक्तजनो) की कृपा बिना ईश्वर का नाम प्राप्त नहीं हुआ।

ਵਿਚਿ ਹਉਮੈ ਕਰਮ ਕਮਾਵਦੇ ਜਿਉ ਵੇਸੁਆ ਪੁਤੁ ਨਿਨਾਉ ॥

vich ha-umai karam kamaavday ji-o vaysu-aa put ninaa-o.

विचि हउमै करम कमावदे जिउ वेसुआ पुतु निनाउ ॥

अर्थ : ऐसे मनुष्य अहंकारवश ऐसे कर्म करते हैं, जैसे वेश्या-पुत्र पिता का नाम नहीं जानता।

ਪਿਤਾ ਜਾਤਿ ਤਾ ਹੋਈਐ ਗੁਰੁ ਤੁਠਾ ਕਰੇ ਪਸਾਉ ॥

pitaa jaat taa ho-ee-ai gur tuthaa karay pasaa-o.

पिता जाति ता होईऐ गुरु तुठा करे पसाउ ॥

अर्थ : वैसे ही ऐसे लोगों का प्रभु पिता का पता नहीं चलता। प्राणी पितृ-जाति को तभी प्राप्त करता है, यदि गुरु जी प्रसन्न होकर उस पर कृपा धारण करे।

ਵਡਭਾਗੀ ਗੁਰੁ ਪਾਇਆ ਹਰਿ ਅਹਿਨਿਸਿ ਲਗਾ ਭਾਉ ॥

vadbhaagee gur paa-i-aa har ahinis lagaa bhaa-o.

वडभागी गुरु पाइआ हरि अहिनिसि लगा भाउ ॥

अर्थ : मनुष्य को बड़े सौभाग्य से गुरु प्राप्त होता है और दिन-रात वह प्रभु की प्रीति में लगा रहता है।

ਜਨ ਨਾਨਕਿ ਬ੍ਰਹਮੁ ਪਛਾਣਿਆ ਹਰਿ ਕੀਰਤਿ ਕਰਮ ਕਮਾਉ ॥੨॥

jan naanak barahm pachhaani-aa har keerat karam kamaa-o. ||2||

जन नानकि ब्रहमु पछाणिआ हरि कीरति करम कमाउ ॥२॥

अर्थ : हे नानक ! जिसने ब्रह्म को पहचान लिया है, वहीं भगवान की महिमा का कर्म करता है॥२॥

ਮਨਿ ਹਰਿ ਹਰਿ ਲਗਾ ਚਾਉ ॥

man har har lagaa chaa-o.

मनि हरि हरि लगा चाउ ॥

अर्थ : उसके हृदय में भगवान के सिमरन हेतु चाव उत्पन्न हो गया है।

ਗੁਰਿ ਪੂਰੈ ਨਾਮੁ ਦ੍ਰਿੜਾਇਆ ਹਰਿ ਮਿਲਿਆ ਹਰਿ ਪ੍ਰਭ ਨਾਉ ॥੧॥ ਰਹਾਉ ॥

gur poorai naam drirh-aa-i-aa har mili-aa har parabh naa-o. ||1|| rahaa-o.

गुरि पूरै नामु द्रिड़ाइआ हरि मिलिआ हरि प्रभ नाउ ॥१॥ रहाउ ॥

अर्थ : पूर्ण गुरु ने उसके हृदय में नाम बसा दिया है। जिसके कारण उसे हरि-प्रभु का नाम मिल गया है और भगवान भी मिल गया है॥१॥ रहाउ॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-82

ਜਬ ਲਗੁ ਜੋਬਨਿ ਸਾਸੁ ਹੈ ਤਬ ਲਗੁ ਨਾਮੁ ਧਿਆਇ ॥
jab lag joban saas hai tab lag naam Dhi-aa-ay.
जब लगु जोबनि सासु है तब लगु नामु धिआइ ॥
अर्थ : जब तक शरीर है, स्वस्थ और उसमें प्राणों का संचार होता है, तब तक तुम हरि-नाम की आराधना करो।

ਚਲਦਿਆ ਨਾਲਿ ਹਰਿ ਚਲਸੀ ਹਰਿ ਅੰਤੇ ਲਏ ਛਡਾਇ ॥
chaldi-aa naal har chalsee har antay la-ay chhadaa-ay.
चलदिआ नालि हरि चलसी हरि अंते लए छडाइ ॥
अर्थ : तेरे नश्वर संसार से गमन करते समय ईश्वर का नाम तेरे साथ जाएगा और अंत में प्रभु तुझे मृत्यु से मुक्त कराएगा।

ਹਉ ਬਲਿਹਾਰੀ ਤਿਨ ਕਉ ਜਿਨ ਹਰਿ ਮਨਿ ਵੁਠਾ ਆਇ ॥
ha-o balihaaree tin ka-o jin har man vuthaa aa-ay.
हउ बलिहारी तिन कउ जिन हरि मनि वुठा आइ ॥
अर्थ : मैं उन पर कुर्बान जाता हूँ, जिनके हृदय में ईश्वर ने आकर वास कर लिया है।

ਜਿਨੀ ਹਰਿ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਨ ਚੇਤਿਓ ਸੇ ਅੰਤਿ ਗਏ ਪਛੁਤਾਇ ॥
jinee har har naam na chayti-o say ant ga-ay pachhutaa-ay.
जिनी हरि हरि नामु न चेतिओ से अंति गए पछुताइ ॥
अर्थ : जो लोग दुखभंजक परमात्मा के नाम का चिन्तन नहीं करते, वे अंतिम समय पश्चाताप करते हुए चले जाएँगे।

ਧੁਰਿ ਮਸਤਕਿ ਹਰਿ ਪ੍ਰਭਿ ਲਿਖਿਆ ਜਨ ਨਾਨਕ ਨਾਮੁ ਧਿਆਇ ॥੩॥

Dhur mastak har parabh likhi-aa jan naanak naam Dhi-aa-ay. ||3||

धुरि मसतकि हरि प्रभि लिखिआ जन नानक नामु धिआइ ॥३॥

अर्थ : हे नानक ! ईश्वर ने जिसके मस्तक पर भाग्य-रेखा लिखी है, वह ईश्वर के नाम का स्मरण करते हैं।॥३॥

ਮਨ ਹਰਿ ਹਰਿ ਪ੍ਰੀਤਿ ਲਗਾਇ ॥

man har har pareet lagaa-ay.

मन हरि हरि प्रीति लगाइ ॥

अर्थ : हे मेरे मन ! तू ईश्वर के नाम के साथ प्रीत लगा।

ਵਡਭਾਗੀ ਗੁਰੁ ਪਾਇਆ ਗੁਰ ਸਬਦੀ ਪਾਰਿ ਲਘਾਇ ॥੧॥ ਰਹਾਉ ॥

vadbhaagee gur paa-i-aa gur sabdee paar laghaa-ay. ||1|| rahaa-o.

वडभागी गुरु पाइआ गुर सबदी पारि लघाइ ॥१॥ रहाउ ॥

अर्थ : किसी भाग्यशाली व्यक्ति को ही गुरु मिलता है और गुरु के उपदेश द्वारा मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है ॥१॥ रहाउ॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-82

ਹਰਿ ਆਪੇ ਆਪੁ ਉਪਾਇਦਾ ਹਰਿ ਆਪੇ ਦੇਵੈ ਲੇਇ ॥

har aapay aap upaa-idaa har aapay dayvai lay-ay.

हरि आपे आपु उपाइदा हरि आपे देवै लेइ ॥

अर्थ : ईश्वर इस सृष्टि को स्वयं उत्पन्न करता है और स्वयं ही प्राण देता और लेता है।

ਹਰਿ ਆਪੇ ਭਰਮਿ ਭੁਲਾਇਦਾ ਹਰਿ ਆਪੇ ਹੀ ਮਤਿ ਦੇਇ ॥

har aapay <u>bh</u>aram <u>bh</u>ulaa-i<u>d</u>aa har aapay hee ma<u>t</u> <u>d</u>ay-ay.

हरि आपे भरमि भुलाइदा हरि आपे ही मति देइ ॥

अर्थ : हरि स्वयं ही मोह-माया के भ्रम में भुला देता है और स्वयं ही बुद्धि प्रदान करता है।

ਗੁਰਮੁਖਾ ਮਨਿ ਪਰਗਾਸੁ ਹੈ ਸੇ ਵਿਰਲੇ ਕੇਈ ਕੇਇ ॥

gurmu<u>kh</u>aa man pargaas hai say virlay kay-ee kay-ay.

गुरमुखा मनि परगासु है से विरले केई केइ ॥

अर्थ : गुरमुखों के मन में आत्मिक प्रकाश होता है और ऐसे व्यक्ति विरले ही होते हैं।

ਹਉ ਬਲਿਹਾਰੀ ਤਿਨ ਕਉ ਜਿਨ ਹਰਿ ਪਾਇਆ ਗੁਰਮਤੇ ॥

ha-o balihaaree <u>t</u>in ka-o jin har paa-i-aa gurma<u>t</u>ay.

हउ बलिहारी तिन कउ जिन हरि पाइआ गुरमते ॥

अर्थ : मैं उन पर कुर्बान जाता हैं, जिन्होंने गुरु के उपदेश द्वारा ईश्वर को प्राप्त किया है।

ਜਨ ਨਾਨਕਿ ਕਮਲੁ ਪਰਗਾਸਿਆ ਮਨਿ ਹਰਿ ਹਰਿ ਵੁਠੜਾ ਹੇ ॥੪॥

jan naanak kamal pargaasi-aa man har har vu<u>th</u>-<u>rh</u>aa hay. ||4||

जन नानकि कमलु परगासिआ मनि हरि हरि वुठड़ा हे ॥४॥

अर्थ : हे नानक ! मेरा हृदय प्रफुल्लित हो गया है और मेरे चित्त के अन्दर ईश्वर आकर बस गया है॥४॥

ਮਨਿ ਹਰਿ ਹਰਿ ਜਪਨੁ ਕਰੇ ॥

man har har japan karay.

मनि हरि हरि जपनु करे ॥

अर्थ : हे मेरे मन ! तू ईश्वर के नाम का जाप कर।

ਹਰਿ ਗੁਰ ਸਰਣਾਈ ਭਜਿ ਪਉ ਜਿੰਦੂ ਸਭ ਕਿਲਵਿਖ ਦੁਖ ਪਰਹਰੇ ॥੧॥ ਰਹਾਉ ॥

har gur sarnaa-ee bhaj pa-o jindoo sabh kilvikh dukh parharay. ||1|| rahaa-o.

हरि गुर सरणाई भजि पउ जिंदू सभ किलविख दुख परहरे ॥१॥ रहाउ ॥

अर्थ : हे मेरे मन ! तू भागकर ईश्वर रूप गुरु की शरण ग्रहण कर। वह तेरे सर्व पाप-दुःखों का निवारण कर देंगे॥१॥ रहाउ॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-82

ਘਟਿ ਘਟਿ ਰਮਈਆ ਮਨਿ ਵਸੈ ਕਿਉ ਪਾਈਐ ਕਿਤੁ ਭਤਿ ॥

ghat ghat rama-ee-aa man vasai ki-o paa-ee-ai kit bhat.

घटि घटि रमईआ मनि वसै किउ पाईऐ कितु भति ॥

अर्थ : राम प्रत्येक प्राणी के हृदय में वास करता है। कैसे और किस भेद से वह प्राप्त किया जा सकता है?

ਗੁਰੁ ਪੂਰਾ ਸਤਿਗੁਰੁ ਭੇਟੀਐ ਹਰਿ ਆਇ ਵਸੈ ਮਨਿ ਚਿਤਿ ॥

gur pooraa satgur bhaytee-ai har aa-ay vasai man chit.

गुरु पूरा सतिगुरु भेटीऐ हरि आइ वसै मनि चिति ॥

अर्थ : यदि प्राणी को भाग्यवश पूर्ण सतिगुरु मिल जाए तभी उसके हृदय में परमात्मा प्रभु आकर टिक जाता है।

ਮੈ ਧਰ ਨਾਮੁ ਅਧਾਰੁ ਹੈ ਹਰਿ ਨਾਮੈ ਤੇ ਗਤਿ ਮਤਿ ॥

mai Dhar naam aDhaar hai har naamai tay gat mat.

मै धर नामु अधारु है हरि नामै ते गति मति ॥

अर्थ : ईश्वर का नाम ही मेरा आश्रय और निर्वाह है। स्वामी के नाम से ही मुझे मोक्ष एवं मुक्ति की सूझ मिलती है।

ਮੈ ਹਰਿ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਵਿਸਾਹੁ ਹੈ ਹਰਿ ਨਾਮੇ ਹੀ ਜਤਿ ਪਤਿ ॥

mai har har naam visaahu hai har naamay hee ja<u>t</u> pa<u>t</u>.

मै हरि हरि नामु विसाहु है हरि नामे ही जति पति ॥

अर्थ : ईश्वर के नाम में मेरा विश्वास है और ईश्वर का नाम ही मेरी जाति एवं प्रतिष्ठा है।

ਜਨ ਨਾਨਕ ਨਾਮੁ ਧਿਆਇਆ ਰੰਗਿ ਰਤੜਾ ਹਰਿ ਰੰਗਿ ਰਤਿ ॥੫॥

jan naanak naam <u>Dh</u>i-aa-i-aa rang ra<u>t</u>-<u>rh</u>aa har rang ra<u>t</u>. ||5||

जन नानक नामु धिआइआ रंगि रतड़ा हरि रंगि रति ॥५॥

अर्थ : नानक ने नाम की आराधना की है और यह ईश्वर-रंग में मग्न उसी का नाम स्मरण करता है॥५॥

ਹਰਿ ਧਿਆਵਹੁ ਹਰਿ ਪ੍ਰਭੁ ਸਤਿ ॥

har <u>Dh</u>i-aavahu har para<u>bh</u> sa<u>t</u>.

हरि धिआवहु हरि प्रभु सति ॥

अर्थ : भगवान का ध्यान करो, भगवान सदैव सत्य है।

ਗੁਰ ਬਚਨੀ ਹਰਿ ਪ੍ਰਭੁ ਜਾਣਿਆ ਸਭ ਹਰਿ ਪ੍ਰਭੁ ਤੇ ਉਤਪਤਿ ॥੧॥ ਰਹਾਉ ॥

gur bachnee har para<u>bh</u> jaa<u>n</u>i-aa sa<u>bh</u> har para<u>bh</u> <u>t</u>ay u<u>t</u>pa<u>t</u>. ||1|| rahaa-o.

गुर बचनी हरि प्रभु जाणिआ सभ हरि प्रभु ते उतपति ॥१॥ रहाउ ॥

अर्थ : गुरु के शब्द द्वारा मनुष्य ईश्वर को समझता है। परमेश्वर ही सृष्टि का कर्ता है ॥१॥ रहाउ॥

ਜਿਨ ਕਉ ਪੂਰਬਿ ਲਿਖਿਆ ਸੇ ਆਇ ਮਿਲੇ ਗੁਰ ਪਾਸਿ ॥

jin ka-o poorab likhi-aa say aa-ay milay gur paas.

जिन कउ पूरबि लिखिआ से आइ मिले गुर पासि ॥

अर्थ : जिन प्राणियों के भाग्य में प्राप्ति लिखी है, वे गुरु के पास आते हैं और उनको मिलते हैं।

ਸੇਵਕ ਭਾਇ ਵਣਜਾਰਿਆ ਮਿਤ੍ਰਾ ਗੁਰੁ ਹਰਿ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਪ੍ਰਗਾਸਿ ॥

sayvak bhaa-ay vanjaari-aa mitraa gur har har naam pargaas.

सेवक भाइ वणजारिआ मित्रा गुरु हरि हरि नामु प्रगासि ॥

अर्थ : हे मेरे वणजारे मित्र ! जो व्यक्ति श्रद्धा भावना से गुरु के पास आते हैं, गुरु उनके हृदय में भगवान के नाम का प्रकाश कर देता है।

ਧਨੁ ਧਨੁ ਵਣਜੁ ਵਾਪਾਰੀਆ ਜਿਨ ਵਖਰੁ ਲਦਿਅੜਾ ਹਰਿ ਰਾਸਿ ॥

Dhan Dhan vanaj vapaaree-aa jin vakhar ladi-arhaa har raas.

धनु धनु वणजु वापारीआ जिन वखरु लदिअड़ा हरि रासि ॥

अर्थ : वह वणज और वणजारे दोनों ही धन्य हैं, जिन्होंने ईश्वर के नाम का वणज किया है अर्थात् जो श्रद्धा की पूंजी लगाकर प्रभु नाम की सामग्री लादते हैं।

ਗੁਰਮੁਖਾ ਦਰਿ ਮੁਖ ਉਜਲੇ ਸੇ ਆਇ ਮਿਲੇ ਹਰਿ ਪਾਸਿ ॥

gurmukhaa dar mukh ujlay say aa-ay milay har paas.

गुरमुखा दरि मुख उजले से आइ मिले हरि पासि ॥

अर्थ : गुरमुख जनों के मुख प्रभु-दरबार में उज्ज्वल हैं। ईश्वर के दरबार में वह प्रभु के पास आते हैं और उसमें लीन हो जाते हैं।

ਜਨ ਨਾਨਕ ਗੁਰੁ ਤਿਨ ਪਾਇਆ ਜਿਨਾ ਆਪਿ ਤੁਠਾ ਗੁਣਤਾਸਿ ॥੬॥

jan naanak gur tin paa-i-aa jinaa aap tuthaa guntaas. ||6||

जन नानक गुरु तिन पाइआ जिना आपि तुठा गुणतासि ॥६॥

अर्थ : हे नानक ! गुरु उन्हें ही मिलता है, जिन पर गुणों का भण्डार भगवान स्वयं प्रसन्न होता है।॥६॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-82

ਹਰਿ ਧਿਆਵਹੁ ਸਾਸਿ ਗਿਰਾਸਿ ॥

har Dhi-aavahu saas giraas.

हरि धिआवहु सासि गिरासि ॥

अर्थ : हे मनुष्य ! प्रत्येक श्वास एवं भोजन के ग्रास के साथ तुम ईश्वर का ध्यान करो।

ਮਨਿ ਪ੍ਰੀਤਿ ਲਗੀ ਤਿਨਾ ਗੁਰਮੁਖਾ ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਜਿਨਾ ਰਹਰਾਸਿ ॥੧॥ ਰਹਾਉ ॥੧॥

man pareet lagee tinaa gurmukhaa har naam jinaa rahraas. ||1|| rahaa-o. ||1||

मनि प्रीति लगी तिना गुरमुखा हरि नामु जिना रहरासि ॥१॥ रहाउ ॥१॥

अर्थ : जिन्होंने भगवान के नाम को अपने जीवन सफर की पूंजी बनाया है, उन गुरमुखों के मन में भगवान के लिए प्रेम उत्पन्न होता है॥१॥ रहाउ॥१॥

गुरु ग्रंथ साहिब अंग-165

ਗਉੜੀ ਬੈਰਾਗਣਿ ਮਹਲਾ ੪ ॥

ga-orhee bairaagan mehlaa 4.

गउड़ी बैरागणि महला ४ ॥

ਸਾਹੁ ਹਮਾਰਾ ਤੂੰ ਧਣੀ ਜੈਸੀ ਤੂੰ ਰਾਸਿ ਦੇਹਿ ਤੈਸੀ ਹਮ ਲੇਹਿ ॥

saahu hamaaraa tooN Dhanee jaisee tooN raas deh taisee ham layhi.

साहु हमारा तूं धणी जैसी तूं रासि देहि तैसी हम लेहि ॥

अर्थ : हे ईश्वर ! तू ही मेरा शाह एवं मालिक हैं। जैसी पूँजी तुम मुझे देते हो, वैसी ही पूंजी मैं लेता हूँ।

ਹਰਿ ਨਾਮੁ ਵਣੰਜਹ ਰੰਗ ਸਿਉ ਜੇ ਆਪਿ ਦਇਆਲੁ ਹੋਇ ਦੇਹਿ ॥੧॥

har naam vannjah rang si-o jay aap da-i-aal ho-ay deh. ||1||

हरि नामु वणंजह रंग सिउ जे आपि दइआलु होइ देहि ॥१॥

अर्थ : यदि तुम दयालु होकर स्वयं मुझे हरि-प्रभु नाम दो तो ही मैं हरि-प्रभु नाम का वणज करूँ॥ १॥

ਹਮ ਵਣਜਾਰੇ ਰਾਮ ਕੇ ॥ ਹਰਿ ਵਣਜੁ ਕਰਾਵੈ ਦੇ ਰਾਸਿ ਰੇ ॥੧॥ ਰਹਾਉ ॥

ham vanjaaray raam kay. har vanaj karaavai day raas ray. ||1||

हम वणजारे राम के ॥ हरि वणजु करावै दे रासि रे ॥१॥ रहाउ ॥

अर्थ : हे भाई ! मैं तो राम का वणजारा हूँ और भगवान अपनी पूंजी देकर मुझसे अपने नाम का वणज करवाता है॥ १॥ रहाउ॥

